खाटूवाला श्याम जी करता कमाल | by Kunwar Deepak

खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल
अपने प्रेमी को देखो करदे मालामाल
खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल.....

खाटू आके जिसने भी शीश है झुकया
श्याम जी ने सदा उसका साथ है निभाया
तीन बाण धारी तेरी बन जाए ढाल
खाटूवाला श्याम जी यो……
खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल.....

दुनिया ये कुछ ना देगी दुनिया सयानी
भरदे भंडार तेरे शीश का दानी
फिर तू क्यों सोचे प्यारे खाटू जी ने चाल
खाटूवाला श्याम जी यो……
खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल.....

सांवरा सलोना मेरा लखदातारी
मस्ती में झूम रही दुनिया ये सारी
प्रेमी का पूछो ना कैसा है हाल
खाटूवाला श्याम जी यो……
खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल.....

श्याम और प्रेमी के बीच ना आना
दीपक ना जाने कौन किसका दीवाना
श्याम कृपा से जीवन होता निहाल
खाटूवाला श्याम जी यो……
खाटूवाला श्याम जी यो करता कमाल.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%ae/